Ph.: 0612-2321542

# INDIAN MEDICAL ASSOCIATION

**BIHAR STATE BRANCH**

IMA Building, Dr. A. K. N. Sinha Path
South East of Gandhi Maidan, Patna – 800 004
Website : www.imabihar.org, Email : imabiharstate@gmail.com

**Dr. Sachchidanand Kumar**
**President**
**Mob: 09431020230**

**Dr. Shiv Shankar Choudhary**
**Hony. Finance Secretary**
**Mob: 09334125875**

**Dr. Harihar Dikshit**
**Hony. State Secretary**
**Mob: 09334106381**

18.10.2015

## प्रेस विज्ञप्ति

### स्वास्थ्य भारत के लिए आई. एम. ए. का देशव्यापी सत्याग्रह (16 नवम्बर 2015)

देश में चिकित्सा विज्ञान एवं चिकित्सकों के संदर्भ में केन्द्र एवं राज्य सरकारों की गलत नीतियों के विरुद्ध आई. एम. ए. केन्द्रीय कमिटी, नई दिल्ली के आह्वान पर 16 नवम्बर को घोषित सत्याग्रह कार्यक्रम के संदर्भ में आई. एम. ए. बिहार के पदाधिकारियों की बैठक डा. सच्चिदानन्द कुमार, अध्यक्ष, आई. एम. ए. की अध्यक्षता में आई. एम. ए. बिल्डींग, पटना में आज दिनांक 18.10. 2015 को हुई। बैठक में आई. एम. ए. के पूर्व राष्ट्रीय उपाध्यक्ष डा. विजय शंकर सिंह, आई. एम. ए. बिहार के पूर्व अध्यक्ष डा. अरूण कुमार ठाकुर, डा. बसंत सिंह, डा. रमण कुमार वर्मा, आई. एम. ए. बिहार के वरीय उपाध्यक्ष डा. सहजानन्द प्रसाद सिंह, सचिव डा. हरिहर दीक्षित, भाषा के पूर्व अध्यक्ष डा. अजय कुमार, महासचिव डा. रंणजीत कुमार, डा. मिथिलेशवर कुमार आदि उपस्थित थे।

बैठक में फैसला लिया गया कि केन्द्रीय नेतृत्व की योजना के अनुसार दिनांक 16.11. 2015 को राज्य के सभी जिला मुख्यालय / शाखा सहित पटना में चिकित्सकों का विशाल सत्याग्रह एवं प्रदर्शन निम्नलिखित बिंदुओं पर किया जायेगा।

1. चिकित्सा विज्ञान एवं चिकित्सको का अवमूल्यन (नीम हकीमी का उन्मूलन)
2. क्लीनिकल इस्टैब्लिशमेंन्ट एक्ट 2010 के गलत प्रावधानों का विरोध
3. कन्जूमर प्रोटैक्शन एक्ट में सुधारं एवं आर्थिक दंड का सीमा निर्धारण
4. पी. एन. डी. टी. एक्ट में सुधार
5. चिकित्सकों / चिकित्सा संस्थानों के सुरक्षा के लिए एक केन्द्रीय कानून एवं चिकित्सकों को प्रोफेशनल सुरक्षा
6. गुणवत्ता के साथ जेनेरिक औषधि, संरचना एवं ग्रामीण स्वास्थ्य सुविधा में सुधार
7. राज्य सरकार द्वारा चिकित्सकों के रोजगार, नियुक्ति एवं सेवा शर्त्तो के अन्याय का उन्मूलन।

(डा. सच्चिदानन्द कुमार)
अध्यक्ष

18.10.2015
(डा. हरिहर दीक्षित)
अवैतनिक राज्य सचिव